Title: The Minister of Parliamentary Affairs and Deputy Speaker on behalf of the House congratulated the Indian Hockey team and other Indian sportspersons who won gold medals in the Asian Games held in Bangkok.

श्री चेतन चौहान (अमरोहा) : उपाध्यक्ष जी, जब जीरो-आवर नहीं होता है तो हमें पहले से बता दिया जाए तो अच्छा है। हम सुबह नोटिस देकर चले जाते हैं कि हमको भी बोलना है।

उपाध्यक्ष महोदय : बिजनैस एडवाइजरी कमेटी ने डिसाइड किया है।

It was already announced in the House that there would be no `Zero Hour' and Lunch Break today.

12.41 hrs.

श्री चेतन चौहान : सर, एक मिनट बोलने दीजिए। भारत की हॉकी टीम को ३२ साल बाद गोल्ड-मैडल मिला है, हम बधाई देना चाहते हैं।

... (व्यवधान)

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Mr. Deputy-Speaker, Sir, as per rules, there is no `Zero Hour' at all.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Then, you do not insist for it.

>

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी (दरभंगा): उपाध्यक्ष जी, हमारे हॉकी के खिलाड़ियों को ३२ साल के बाद गोल्ड मैडल मिला है। उन्होंने बहुत अच्चा प्रदर्शन किया है। उनको हम बधाई देना चाहते हैं।

... (व्यवधान)

श्री चेतन चौहान (अमरोहा) : सर, हम उनको बधाई देना चाहते हैं। आप अपनी तरफ से भी बधाई दे दीजिए।

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have already said that it is the decision of the Business Advisory Committee.

... (Interruptions)

SHRI HANNAN MOLLAH (ULUBERIA): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I want to say something. (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please cooperate with the Chair.

... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

(Interruptions)*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please hear him.

... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Fatmi, the Minister wants to say something in this regard. Please take your seat.

>

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): उपाध्यक्ष जी, यह ठीक है कि बी.ए.सी. की मीटिंग में जीरो-आवर के लिए मना हुआ है, लेकिन यह मामला जो माननीय सदस्य उठा रहे हैं यह हमारे राष्ट्रीय सम्मान के साथ जुड़ा हुआ है। हम ३२ वर्षों के बाद हॉकी में जीते हैं। सब सदस्यों की तरफ से और सरकार की तरफ से एक प्रस्ताव के रूप में हॉकी, कबड्डी और जिन-जिन खेलों में खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल लिए हैं उनको यह सदन बधाई देना चाहता है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is a matter of great pride for the country. The whole House congratulates our hockey team.

श्री मदन लाल खुरानाः जिन-जिन खिलाड़ियों ने गोल्ड मैडल जीते हैं उन सबको बधाई।

श्री मोहम्मद अली अशरफ फातमी (दरभंगा): एक महिला ने दो गोल्ड मैडल लिए हैं।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : अब ३२ साल के बाद नहीं हर साल मैडल मिलना चाहिए।